राजनीति विज्ञान कक्षा 10वीं

अध्याय - 6

लोकतंत्र के परिणाम

याद रखने योग्य बातें :-

1. आज विश्व के 100 देश किसी ना किसी तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं। इनका औपचारिक संविधान है। इनके यहां चुनाव होते हैं और राजनीतिक दल भी हैं। साथ ही वे अपने नागरिकों को कुछ बुनियादी अधिकारों की गारंटी भी देते है।
2. लोकतंत्र में इस बात की पक्की व्यवस्था होती है कि फैसले कुछ कायदे कानूनों के अनुसार हों।
3. कोई नागरिक यह जानना चाहे कि फैसले लेने में नियमों का पालन हुआ है या नहीं तो वह इसका पता लगा सकता है। उसे न सिर्फ यह जानने का अधिकार है बल्कि उसके पास इसके साधन भी उपलब्ध हैं, इसे पारदर्शिता कहते हैं।
4. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था निश्चित रूप से अन्य शासनों से बेहतर है। यह वैध शासन व्यवस्था है। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था लोगों की अपनी शासन व्यवस्था है। इसी कारण सम्पूर्ण विश्व में लोकतंत्र के विचार के प्रति जबरदस्त समर्थन का भाव है।
5. लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है। प्रतिनिधियों के चुनाव में हर व्यक्ति का स्तर बराबर होता है।
6. तानाशाही का समर्थन करने वाली राजनैतिक विचारधारा को निरंकुशतावाद कहते हैं।
7. लिंग भेद, जातिभेद और साम्प्रदायिक प्रवृत्ति सामाजिक असमानता के रूप हैं।

8. कानून के शासन से आशय है कि एक देश के संविधान के प्रति अटूट निष्ठा के साथ शासन करना।

1 अंक वाले प्रश्न

1. लोकतंत्र की परिभाषा लिखो।
2. तानाशाही का समर्थन करने वाली विचारधारा को क्या कहते है ?
3. लोकतंत्र अच्छा है क्योंकि ?
4. किस प्रकार की सरकार सबसे बेहत्तर मानी जाती है ?
5. 'नागरिक स्वतंत्रता' क्या है ?
6. सामाजिक असमानता का कोई एक रूप लिखिए।
7. बहुमत के शासन का क्या अर्थ है ?
8. कुछ लोगों का अथवा एक दल का शासन क्या कहलाता है ?

लघु / दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए ?
2. लोकतांत्रिक व्यवस्था को तानाशाही से बेहतर क्यों माना जाता है ?
3. लोकतंत्र के सामाजिक परिणाम लिखिए ?
4. लोकतंत्र किस प्रकार एक वैध सरकार को जन्म देता है ?
5. लोकतंत्र किस प्रकार नागरिकों को शांतिपूर्ण और सद्भावनापूर्ण जीवन देता है ?
6. लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा को कैसे बनाये रखता है ?
7. शिकायतें किस प्रकार लोकतंत्र को सफल बनाने में सहयोग देती हैं ?
8. लोकतंत्र के सिद्धान्तों को जीवन के सभी क्षेत्रों में कैसे लागू किया जा सकता है ?
9. तानाशाही सरकार की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार की कमियाँ बताएँ।

उत्तर माला

1 अंक वाले प्रश्न

1. जनता का शासन, जनता के लिये व जनता के द्वारा
2. निरंकुशतावाद
3. यह नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।
4. लोकतांत्रिक सरकार।
5. छः प्रकार के स्वतन्त्रताओं में से कोई एक।
6. लिंग भेद या जातिभेद
7. बहुमत का निर्णय होना।
8. तानाशाही।

लघु/ दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. ★ नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है।
   ★ व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
   ★ इससे फैसलों में बेहतरी आती है।
   ★ इसमें गलतियों को सुधारने का अवसर होता है।

2. ★ लोकतंत्र में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं।
   ★ लोकतंत्र में नीति तथा निर्णयों पर खुली बहस होती है।
   ★ लोकतंत्र में वैध सरकार होती है।
   ★ लोकतंत्र में नागरिकों की स्थिति बेहत्तर होती है।

3. ★ लोकतांत्रिक व्यवस्था सद्भावनापूर्ण जीवन उपलब्ध कराती है।
   ★ इसमें सामाजिक टकरावों की संभावना कम रहती है।
   ★ व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है।

★ लोकतंत्र में समाज के कमजोर वर्गों को समानता का दर्जा देने पर बल दिया जाता है।

4. 1) लोकतान्त्रिक सरकार एक जवाबदेह सरकार है।
2) नागरिकों को निर्णय निर्माण प्रक्रिया की जाँच करने के अधिकार और साधन प्राप्त होते हैं।
3) लोकतंत्र एक जिम्मेदार सरकार है। यह नागरिकों के विचारों और उम्मीदों का ध्यान रखती है।
4) लोकतांत्रिक सरकार एक वैध सरकार है क्योंकि यह जनता द्वारा चुनी जाती है।

5. 1) प्रत्येक नागरिक को मत देने और चुनाव लड़ने का अधिकार है।
2) यह नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध कराता है।
3) लोकतंत्र टकरावों तथा आपसी मतभेद को समाप्त करने में मदद करता है।
4) लोकतंत्र में बहुमत को सदा अल्पमत के साथ काम करने की जरूरत होती है ताकि सरकार सभी की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व कर सके।

6. 1) लोकतंत्र सम्मान एवं स्वतंत्रता की भावना को जन्म देता है।
2) लोकतंत्र में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाता है।
3) लोकतंत्र ने महिलाओं को पुरूषों के समान दर्जा प्रदान किया है।
4) लोकतंत्र में जाति आधारित असमानताओं एवं क्रूरताओं का कोई नैतिक एवं कानूनी आधार नहीं है।

7. 1) बहुत समय से स्त्रियों को समान अधिकार, न्याय और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया था। मगर 'लोकतंत्र ने सभी अधिकार सुनिश्चित कर दिये।

2) समाज के कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करना।

3) उचित प्रतिनिधित्व देने से विभिन्न जातीय समूहों के बीच टकराव कम हुआ है। मतभेदों को दूर करने के लिए लोकतंत्र संवैधानिक तरीका उपलब्ध कराता है।

8. 1) किसी लोकतांत्रिक फैसले में उन सभी लोगों से राय- विचार करने तथा सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है जो इस फैसले से प्रभावित होने वाले हैं।

2) सभी व्यक्तियों को निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने का समान अधिकार है।

3) किसी भी धनी या शक्तिशाली लोगों को विशेष अधिकार प्राप्त नहीं है।

9. 1) तानाशाही की तुलना में लोकतंत्र में निर्णय लेने में कुछ अधिक समय लगता है क्योंकि तानाशाही में औपचारिकता नहीं होती।

2) तानाशाही सरकार की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार ज्यादा खर्चीली है क्योंकि यहाँ निश्चित अवधि के बाद चुनाव होते है।

3) तानाशाही में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार हो सकता है परंतु लोकतंत्र में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो सकता है।